स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत परिचर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

केंद्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा एवं स्वच्छता ही सेवा, अभियान अंतर्गत महाविद्यालय के सभागार में परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को

■ प्लास्टिक के दुष्परिणामों से कराया सचेत

स्वच्छता एवं प्लास्टिकमुक्त अभियान से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य डॉ. डीएन सूर्यवंशी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का अनुसरण करना चाहिए। साथ ही देश का जिम्मेदार नागरिक होने का उत्तरदायित्व निभाना चाहिए। इसकी शुरूआत हमें घर, महाविद्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों से करना चाहिए। पर्यावरण को प्लास्टिकमुक्त बनाने उन्होंने कहा कि हमें प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। इसके

उपयोग से पर्यावरण एवं जानवरों को नुकसान होता है। प्लास्टिक के उपयोग को पूर्ण रूप से खत्म करना चाहिए। तभी स्वच्छ भारत का सपना संभव होगा। अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. किरण तिवारी ने प्लास्टिक से बनने वाले रासायनिक गैस के बारे में जानकारी दी। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डीआर भावनानी ने कहा कि स्वच्छता अभियान से जुड़कर राष्ट्र के विकास में सहयोग करना चाहिए। प्राध्यापक मनोज कुशवाहा ने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने के लिए स्त्रोत को पहले खत्म करना चाहिए। परिचर्चा में महाविद्यालय के छात्र-छात्रा एवं स्टाफ उपस्थित था। मंच संचालन डीआर भावनानी ने किया।

Scanned by CamScanner